



सतना में धूमधाम से मनाया गया दशहरा

आतिशबाजी के बीच हुआ रावण दहन, उमड़ी भारी भीड़

सतना। बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा सतना में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर रावण दहन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। धवारी स्थित संयुक्त कलेक्टोरेट भवन के पीछे ग्राउंड में भगवान राम और रावण के बीच हुए युद्ध के बाद,प्रभु राम के एक ही तीर से रावण का पुतला जबरदस्त आतिशबाजी के बीच धू-धू कर जल उठा। इस ऐतिहासिक क्षण को देखने के लिए शहरवासियों की भारी भीड़ उमड़ी। दहन के बाद भगवान श्रीराम की शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकली,जिसका जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। स्थानीय पन्नीलाल चौक,बिहारी चौक,धवारी चौक,लालता चौक और जयस्तंभ चौक सहित मुख्य बाजारों में झांकियां देखने और भगवान के दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा रहा। इस बीच,एयरपोर्ट रोड स्थित मेला ग्राउंड में श्री डालीबाबा रामलीला समाज द्वारा आयोजित 161 वें रावण दहन कार्यक्रम में महापौर योगेश कुमार ताम्रकार विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने प्रभु श्रीराम एवं राम दरबार की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया और नगरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस पारंपरिक आयोजन ने शहरवासियों को भगवान श्रीराम के आदर्शों और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

रेलवे माल गोदाम में बड़ा हादसाः काम करते समय पल्लेदार की मौत, परिजनों ने शव रखकर किया चक्काजाम

सतना। रेलवे माल गोदाम में लोडिंग-अनलोडिंग का काम करते समय एक पल्लेदार हादसे का शिकार हो गया। हादसे में पल्लेदार राजकुमार उर्फ मंगल दीन चौधरी की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने स्टेशन रोड माल गोदाम मोड़ पर शव को रखकर सड़क जाम कर दिया। मौके पर जीआरपी और कोतवाली थाना पुलिस बल स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौजूद रहे। नजीराबाद में ट्रेन डिरेल होने की उड़ी खबर,रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया-यह सिर्फ एक 'मॉकड्रिल' थी सतना। नजीराबाद इलाके से ट्रेन के पटरी से उतरने (डिरेल) की खबर सामने आई थी,जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया था।रेलवे प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि यह कोई दुर्घटना नहीं,बल्कि सुरक्षा के मद्देनजर की गई एक मॉकड्रिल थी। इस मॉकड्रिल को दूर से देख रहे लोगों ने इसे ट्रेन पटरी से उतरने की वास्तविक घटना समझ लिया था,जिसके बाद यह खबर फैल गई।

परंपरागत उल्लास के साथ संपन्न हुआ विजयादशमी पर्व, भव्य शोभायात्रा के बाद हुआ रावण दहन

मैहर। मां शारदा नगरी में विजयादशमी का पर्व धार्मिक श्रद्धा और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। मैहर महाराजा अक्षयराज सिंह जू देव ने किला स्थित मदन मोहन मंदिर में राजवंशी परंपरा के तहत भगवान बिहारी जू और श्रीराम-लक्ष्मण की प्रतिमाओं का विधिवत पूजन किया। इसके बाद बैंड-बाजे और भव्य झांकियों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई शोभायात्रा दशहरा मैदान पहुँची,जहाँ अतिथियों की उपस्थिति में रावण दहन किया गया। इस अवसर पर सांसद गणेश सिंह,विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी,समिति अध्यक्ष संतोष सोनी सहित तमाम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

विजयादशमी पर राज्यमंत्री ने सिंहपुर उप तहसील कार्यालय का किया शुभारंभ



सतना। विजयादशमी के पावन पर्व पर नगरीय प्रशासन एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने रैगांव विधानसभा क्षेत्र के सिंहपुर में उप तहसील कार्यालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के विकास और जनसेवा के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि नागरिकों को बेहतर प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना और शासकीय सेवाओं को आमजन तक सहजता से पहुंचाना प्राथमिकता है। सिंहपुर में उप तहसील कार्यालय प्रारंभ होने से क्षेत्र के नागरिकों को राजस्व संबंधी कार्यों के लिए स्थानीय स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे लोगों को अपने कार्यों के लिए दूरस्थ कार्यालयों तक जाने की परेशानी से राहत मिलेगी तथा उनके समय और श्रम की बचत होगी। उप तहसील कार्यालय की शुरुआत क्षेत्र में प्रशासनिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

एमआईसी की बैठक पशु आश्रय, एलईडी लाइट वितरण और रोड डिवाइटर नवीनीकरण को मिली हरी झंडी



सतना। नगर पालिक निगम, के कार्यालय में महापौर योगेश कुमार ताम्रकार की अध्यक्षता में मेयर-इन-काउंसिल की बैठक संपन्न हुई। इसमें शहर के विकास,स्वच्छता और यातायात सुरक्षा से जुड़े कई अहम प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई।बैठक में ग्राम रेवरा में आवंटित 16.194 हेक्टेयर रिक्त भूमि पर निगम सीमा के बाहर निराश्रित पशुओं के लिए आश्रय स्थल निर्माण प्रस्ताव को मंजूरी देकर परिषद की स्वीकृति हेतु भेजा गया। पूर्व में क्रय की गई एलईडी लाइटों के गुणवत्ता परीक्षण में समिति द्वारा संतोषजनक पाए जाने के बाद इनके वितरण और स्थापना की स्वीकृति दी गई। इंडियन ह्यूम पाइप कंपनी द्वारा पाइप लाइन बिछाने के बाद ओ एंड एम कार्य के लिए 2,13,12,303/-की स्वीकृति दी गई। हालांकि,रेस्टोरेशन का काम संतोषजनक न होने के कारण देयक से 10 प्रतिशत राशि रोकने का निर्णय लिया गया। 22 शौचालयों पर होर्डिंग लगाने का ठेका पूरा होने पर समयावधि बढ़ाने के बजाय पुनः निविदा (टेंडर) आमंत्रित करने की मंजूरी दी गई। मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के समीप शासकीय भूमि पर योजना के क्रियान्वयन हेतु प्रस्ताव परिषद को भेजा गया। शहर के रोड डिवाइटरों के नवीनीकरण और रखरखाव हेतु 4,48,82,000 की प्रशासकीय स्वीकृति सर्वसम्मति से दी गई। बैठक में निगम आयुक्त डॉ.नागार्जुन वी.गौड़ा,उपायुक्त, सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस स्मृति दिवस पर मैहर में शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि



मैहर। राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन मैहर स्थित अमर जवान स्मारक पर शहीद पुलिस जवानों की स्मृति में गरिमामय श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ,कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने अमर जवान स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर देश की रक्षा एवं आंतरिक सुरक्षा में प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीद जवानों को नमन किया। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक डॉ.चंचल नागर,नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह चौहान,थाना प्रभारी मैहर अभिषेक सिंह परिहार,आर.आई.दिलीप तिवारी,यातायात निरीक्षक श्रीमती कृष्णा मिश्रा,यातायात उप निरीक्षक विक्रम पाठक,निरीक्षक श्रीमती रेनू मिश्रा और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी,जनप्रतिनिधि एवं शहीद परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में शहीद परिवारों का सम्मान भी किया गया। इस क्रम में अमर शहीद शंकर प्रसाद पटेल की पत्नी को शॉल,श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया।पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने कहा कि शहीद जवानों का बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका साहस,समर्पण एवं राष्ट्र के प्रति निष्ठा सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। पुलिस स्मृति दिवस हमें देश की सुरक्षा,शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की प्रेरणा देता है।

केजेएस सीमेंट टाउनशिप में कल 'सनातन संवाद', बागेश्वर धाम सरकार पं.धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री देंगे आध्यात्मिक मार्गदर्शन



मैहर। औद्योगिक प्रगति के साथ-साथ सामाजिक,सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना के संवर्धन की दिशा में केजेएस सीमेंट लिमिटेड एक अनूठी पहल करने जा रहा है। 23 अक्टूबर को कंपनी की मैहर स्थित टाउनशिप में 'सनातन संवाद' का भव्य आयोजन किया गया है। इस आयोजन में प्रसिद्ध बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और उपस्थित श्रद्धालुओं एवं जनसमुदाय को अपना आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।बुधवार को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में केजेएस सीमेंट लिमिटेड के चेयरमैन पवन कुमार अहलूवालिया ने इस भव्य आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए चेयरमैन पवन कुमार अहलूवालिया ने कहा कि 'सनातन संवाद' केवल एक आयोजन नहीं,बल्कि भारतीय संस्कृति, सनातन परंपराओं और आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने जोर देकर कहा किसी भी संस्थान की वास्तविक प्रगति केवल आर्थिक और औद्योगिक विकास तक सीमित नहीं होती,बल्कि समाज,संस्कृति और मानवीय मूल्यों के प्रति जिम्मेदारी निभाना भी उतना ही आवश्यक है। केजेएस सीमेंट लिमिटेड औद्योगिक योगदान के साथ-साथ समाज में सकारात्मकता, सद्भाव और सांस्कृतिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्य

लोगों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों और सनातन परंपराओं से जोड़ना है। समाज में नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता फैलाना और सामाजिक समरसता को मजबूत करना। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के विचारों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक चिंतन का संचार करना। आयोजन की तैयारियों और रूप रेखा की जानकारी देने के लिए आयोजित इस पत्रकारवार्ता में कंपनी के शीर्ष अधिकारी नलिन खेतान (मैनेजिंग डायरेक्टर),देवेंद्र माथुर(वाइस प्रेसिडेंट-एचआर) रिटायर्ड कर्नल नीरज वर्मा (कार्यकारी निदेशक) उपस्थित रहे। कार्यक्रम को लेकर स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। कंपनी प्रबंधन को उम्मीद है कि पूज्य शास्त्री के प्रबोधन से क्षेत्र में शांति,सद्भाव और आध्यात्मिक प्रेरणा का वातावरण निर्मित होगा। यहां पर लगभग 1 लाख से अधिक लोगों के पहुंचने की संभावना है।

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि



सतना। राष्ट्रीय पुलिस शहीद दिवस के अवसर पर बुधवार को सिविल लाइन के शहीद स्मारक तिराहे में राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस परेड समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस,पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रेमलाल कुर्वे,सीएसपी मनीष त्रिपाठी,रक्षित निरीक्षक देविका सिंह बघेल सहित पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। शहीद दिवस कार्यक्रम में कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने शहीद जवानों की शहादत को नमन करते हुए पुष्पगुच्छ से श्रद्धांजलि अर्पित किया। तदोपरांत पुलिस परेड दल द्वारा शोक शस्त्र की कार्यवाही की गई और बिगुल से लास्ट पोस्ट की धुन बजाई गई। इसके बाद शहीद स्मारक के दाहिने और बांए से परेड के जवान सलामी लेते हुए गुजरे।

विजयादशमी पर राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने पुलिस लाइन में किया शस्त्र पूजन



सतना।

विजयादशमी के पावन अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने सतना पुलिस लाइन में विधि-विधान से शस्त्र पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने परंपरानुसार शस्त्रों का पूजन कर विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में महापौर योगेश ताम्रकार,कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस.,पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

वृद्धाश्रम में प्रशासन की अनूठी पहलः बुजुर्गों के साथ सामूहिक भोज कर साझा कीं खुशियां

मैहर। जिला प्रशासन द्वारा बुजुर्गों के सम्मान में एक संवेदनशील पहल करते हुए नगर के वृद्धाश्रम में सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला अधिकारियों ने बुजुर्गों के साथ आत्मीय समय बिताया,भोजन किया और उनका कुशलक्षेम जाना। वक्ताओं ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की नींव हैं और उनका सम्मान करना हमारी संस्कृति की सच्ची पहचान है। इस आयोजन में कलेक्टर श्रीमती विदिशा मुखर्जी,पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, एसडीएम श्रीमती दिव्या पटेल,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.चंचल नागर सहित कई गणमान्य जन उपस्थित रहे।

मंदाकिनी विहार कॉलोनी में गोलीबारी, महिला के पेट में लगी गोली; जबलपुर रेफर

सतना। मंदाकिनी विहार कॉलोनी में गोली चलने की गंभीर घटना सामने आई है,जिसमें एक महिला के पेट में गोली लगी है। महिला की हालत नाजुक होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए जबलपुर रेफर कर दिया गया है। गोलीबारी से पहले आरोपी और उसके साथियों द्वारा हनुमान मंदिर के पास स्थित दुर्गा पंडाल में तोड़फोड़ और गाली-गलौज करने का आरोप है। मुख्य आरोपी पर पिस्टल से फायरिंग करने का गंभीर आरोप लगा है। परिजनों का आरोप है कि इस मामले में पहले ही शिकायत आवेदन दिया जा चुका था,लेकिन सिविल लाइन पुलिस ने समय पर एफआईआर दर्ज नहीं की।

विजयादशमी पर्व पर मैहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

मैहर। मां शारदा की पावन नगरी में विजयादशमी पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रही। मैहर थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ने चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखी। प्रमुख चौराहों,भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और आयोजन स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था।





खबर संक्षेप

भैंसें लौटीं, घर नहीं पहुंचा 21 वर्षीय आयुष, पिता ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट



अमानगंज। थाना क्षेत्र के ग्राम गड़ोखर निवासी 21 वर्षीय आयुष चौधरी के लापता होने का मामला सामने आया है। उसके पिता सोनेलाल चौधरी ने अमानगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 17 अक्टूबर को आयुष शाम करीब 4 बजे भैंस लाने की बात कहकर खेत पर गया था। भैंसें वापस घर आ गईं, लेकिन आयुष नहीं लौटा। परिजनों ने आसपास के गांवों, मोहल्लों और रिश्तेदारियों में उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। पिता ने आशंका जताई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके बेटे को कहीं छिपाकर रखा हो सकता है। आयुष की उम्र 21 वर्ष, कद करीब 5 फीट 6 इंच, रंग गेहुँआ और शरीर इकहरा है। लापता होते समय उसने सफेद शर्ट और काली पैंट पहनी थी। उसके हाथ पर गुदना बना हुआ है। चार दिन तक तलाश के बाद 21 अक्टूबर को पिता ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने धारा 140(3) भारतीय न्याय संहिता (ठछै) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस युवक की तलाश में जुटी है।

भक्ति गीत, लोकगीतों से जयसिंह राजा ने बांधा समा, हजारों श्रोता हुए मग्नमुग्ध



पवई। बीते सालों की तरह इस साल भी दुर्गा उत्सव परिवार, बस स्टैंड पवई के तत्वाधान में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बस स्टैंड परिसर में किया गया, जिसमें ललितपुर के प्रसिद्ध भजन एवं लोक गीत गायक जयसिंह राजा ने अपनी प्रस्तुति से ऐसा समा बांधा कि पूरा पंडाल भक्तिरस में डूब गया। नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जयसिंह राजा ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत और बुंदेली लोकगीतों की प्रस्तुति दी। माता के भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती मोहिनी आनंद मिश्रा जनपद अध्यक्ष एवं शैलेश नगायच (मां कलेही स्टोन क्रेशर) विशिष्ट अतिथि के रूप में बसंत दहायत अध्यक्ष नगर परिषद रहे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु और नगरवासी मौजूद रहे। देर रात तक चले इस भजन कार्यक्रम में भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। आयोजक दुर्गा उत्सव परिवार बस स्टैंड ने सभी का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का संचालन विवेक शंकर सिंह (रवि) ने किया। आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीओपी शिवा पाठक, थाना प्रभारी सुशील अहिरवार सहित पुलिस बल मुस्तैद रहा।

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद परेड का आयोजन







कर्तव्य पथ पर शहीद हुए जवानों को किया गया नमन

पन्ना। आज दिनांक 21 अक्टूबर 2026 को पुलिस लाइन पन्ना स्थित पुलिस शहीद स्मारक पर पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन सभी वीर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नमन किया गया, जिन्होंने कर्तव्य पथ पर अपने प्राणों की आहुति दी। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा शहीद हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नामों का वाचन किया गया तथा उनकी शहादत को सलामी दी गई। उपस्थित सभी लोगों द्वारा शहीदों की स्मृति में मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीद दिवस परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक आदित्य मिश्रा ने किया। परेड के दौरान पुलिस बल की टुकड़ियों द्वारा वीर शहीदों को सलामी दी गई और उनके अमर बलिदान को स्मरण किया गया। इस अवसर पर शहीद ए.पी.सी. करण सिंह बघेल, ।४ 9वीं बटालियन रीवा, जो बालाघाट में तैनाती के समय वर्ष 1994 में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हो गए थे, की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी को शाल एवं श्रीफल प्रदान कर पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उमराव सिंह मरावी (प्रभारी कलेक्टर), डीएफओ दक्षिण वनमंडल धीरेन्द्र प्रताप सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री वंदना सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे, अध्यक्ष नगरपालिका परिषद पन्ना श्रीमती मीना पाण्डेय, साथ ही जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, सभी थाना प्रभारी, कार्यक्रम के संचालक एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रमोद अवस्थी, पुलिस बल के सदस्यगण एवं नगर के प्रतिष्ठित नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में माइक संचालन सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रमोद अवस्थी जी द्वारा किया गया। सभी ने शहीद पुलिसकर्मियों के अमर बलिदान को नमन किया। 'पन्ना पुलिस द्वारा श्रीजी पैलेस होटल अमानगंज का कमरा मुफ्त में देने के विवाद पर होटल में जमकर तोड़फोड़, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल।'

सेवा का अद्भुत संगम

जेके सीमेंट की मोबाइल मेडिकल यूनिट बनी ग्रामीण अंचलों में सेहत और खुशहाली का वरदान







पन्ना/अमानगंज। एक कहावत है, जहाँ चाह है, वहाँ राह है। और जब उस राह पर सेवा, समर्पण और मानवता का पहिया घूमने लगे, तो बदलाव इतिहास बन जाता है। आज ग्रामीण अंचलों में कुछ ऐसा ही प्रेरणादायक मंजर देखने को मिल रहा है, जहाँ जेके सीमेंट की श्मोबाइल मेडिकल यूनिटश (डङ-) हर दिन एक नई उम्मीद, एक नया सवेरा लेकर गाँवों की चौखट पर पहुँच रही है। अब गाँवों में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए किसी को मजबूर नहीं होना पड़ता, क्योंकि डॉक्टर और दवाइयां खुद चलकर उनके द्वार आ रही हैं।

हर कदम, स्वास्थ्य और खुशहाली की ओर

गाँव के बुजुर्ग हों, माताएं-बहनें हों या फिर नौनिहाल, हर किसी के चेहरे पर एक अलग ही चमक और संतोष दिखाई दे रहा है। जेके सीमेंट की इस शानदार पहल ने यह साबित कर दिया है कि सच्ची सेवा वही है जो जरूरतपदों के सबसे करीब पहुँचे। घर-द्वार पर मुफ्त इलाजरू अब छोटी-सी बीमारी के लिए मीलों दूर शहर जाने की चिंता खत्म, क्योंकि डॉक्टर साहब खुद आपके गाँव आ चुके हैं। निःशुल्क और सटीक दवाइयांरू जांच के साथ-साथ हर जरूरतमंद को मुफ्त दवाइयां पूरी गर्मजोशी और आत्मीयता के साथ दी जा रही हैं। समय और पैसों की भारी बचतरू गरीब और मेहनतकश परिवारों के लिए यह सुविधा किसी वरदान से कम नहीं है, जिससे उनका हौसला और आत्मविश्वास दोनों बढ़ रहे हैं।

अब सेहत है पास, तो हर सपना होगा साकार

जब गाँव का हर व्यक्ति स्वस्थ होगा, तभी देश का हर कोना मजबूत होगा। जेके सीमेंट की यह मोबाइल मेडिकल यूनिट सिर्फ दवाइयां नहीं बांट रही, बल्कि यह हर ग्रामीण को यह विश्वास दिला रही है कि वे अकेले नहीं हैंकृउनकी सेहत और खुशहाली की परवाह करने वाला हर कदम उनके साथ है।

एक सकारात्मक बदलाव, जो दूसरों के लिए भी बने मिसाल

जेके सीमेंट की यह पहल सिर्फ एक कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (ब्ै)नहीं है, बल्कि यह इंसानियत और जनसेवा की एक ऐसी मिसाल है जो पूरे समाज में सकारात्मकता की ऊर्जा भर रही है। यह इस बात का प्रमाण है कि थोड़ी सी परवाह और सही दिशा में उठाया गया कदम, हजारों जिंदगियों में उजियारा भर सकता है। गाँवों की इस खुशी और जोश को देखकर साफ हैकृजब इरादे नेक हों, तो हर मुश्किल आसान और हर दिन किसी उत्सव से कम नहीं होता।

जे.के. सीमेंट और जे.के. ट्रस्ट के सेवा यज्ञ से पशुपालकों के चेहरों पर लौटी मुस्कान, बेजुबानों को मिला नया जीवन

ग्रामीण विकास और समाज सेवा की दिशा में एक नई और प्रेरक मिसाल कायम करते हुए, जे.के. सीमेंट द्वारा संचालित जे.के. ट्रस्ट के सहयोग से ग्राम पिपरवाह में एक दिवसीय विशाल एवं निःशुल्क पशु स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस शिविर में बेजुबान पशुओं की देखभाल और किसानों की खुशहाली के प्रति जे.के. सीमेंट की अटूट प्रतिबद्धता साफ झलकती नजर आई।

गांव-गांव पहुंच रही सेवा की लहर

जे.के. सीमेंट और जे.के. ट्रस्ट की यह प्रतिबद्धता केवल एक गांव तक सीमित नहीं है, बल्कि हर गाँव में निरंतर ऐसे निःशुल्क पशु स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान का लक्ष्य हर ग्रामीण और पशुपालक के द्वार तक पहुँचकर उनके पशुओं को उत्तम स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना है, जिससे किसानों का जीवन समृद्ध हो सके।

कुशल नेतृत्व में सेवा का महायज्ञ

यह जनहितैषी कार्य जे.के. सीमेंट एवं जे.के. ट्रस्ट के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रेरणादायी निर्देशन में सफलतापूर्क संपन्न हुआ।

शिविर की प्रमुख उपलब्धियाँ (एक नज़र में)

713 पशुओं का स्वास्थ्य रक्षणरू डॉ. अभिषेक करवरिया द्वारा 713 पशुओं को किलनीनाशक एवं कृमिनाशक दवाओं का वितरण कर संक्रामक बीमारियों से सुरक्षा प्रदान की गई। 155 बाँझ पशुओं का विशेष इलाजरू पशुपालकों की सबसे बड़ी चिंता को दूर करते हुए 155 बाँझ पशुओं का गहन एवं मुफ़्त उपचार किया गया। 146 नवजात बछड़ों को नवजीवनरू नन्हे व नवजात 146 बछड़ों को कृमिनाशक दवा पिलाकर उनकी सेहत का सुरक्षा चक्र मजबूत किया गया। प्राथमिक उपचार व पोषण, गंभीर व बीमार पशुओं का तुरंत प्राथमिक इलाज किया गया तथा पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने हेतु ग्रामीणों को 90 किलोग्राम मिनरल मिक्सचर मुफ़्त वितरित किया गया।

पन्ना और अजयगढ़ में धूमधाम से मना दशहरा पर्व

पूर्व मंत्री एवं विधायक ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह ने की भगवान श्रीराम की आरती

पन्ना। बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक दशहरा पर्व पर पन्ना और अजयगढ़ में उत्साह, उल्लास और धार्मिक आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में दोनों स्थानों पर दशहरा उत्सव मनाया गया। पन्ना नगर के स्थानीय पॉलिटेक्निक मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में विधायक सिंह ने भगवान श्रीराम की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं, अजयगढ़ के अजयपाल स्टेडियम में भव्य शोभायात्रा, आकर्षक झांकियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच लगभग 40 फुट ऊंचे रावण का दहन किया गया। इस अवसर पर विधायक ने भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने और जीवन की बुराइयों पर विजय प्राप्त करने का संदेश दिया।

पन्ना के पॉलिटेक्निक मैदान में हुआ रावण दहन कार्यक्रम

पन्ना नगर के स्थानीय पॉलिटेक्निक मैदान में दशहरा पर्व के अवसर पर आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह ने भगवान श्रीराम की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष मीना विष्णु पांडे सहित प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी और रामलीला समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भगवान श्रीराम के आदर्शों का स्मरण करते हुए सत्य, धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। दशहरा पर्व के अवसर पर नगर में धार्मिक उत्साह का माहौल रहा और लोगों ने असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक इस पर्व को श्रद्धा एवं



उल्लास के साथ मनाया।

अजयगढ़ में निकली भव्य शोभायात्रा, आकर्षक झांकियों ने मोहा मन

अजयगढ़ में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पुरानी तहसील परिसर में नगर की दुर्गा प्रतिमाओं के एकत्रीकरण और भगवान श्रीराम के भव्य रामदरबार की आरती के साथ हुई। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई, जो पुरानी तहसील से प्रारंभ होकर त्रिवेणी चौराहा, छोटे स्टैंड, कछियाना मोहल्ला, बरियारपुर रोड और जयस्तंभ चौराहे से होते हुए अजयपाल स्टेडियम पहुंची। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और बजरंगबली की भव्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। बाहर से आए कलाकारों ने ढोल और दिल-दिल घोड़ी सहित विभिन्न प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। डीजे की धुनों पर नाचते-गाते श्रद्धालुओं की भागीदारी से पूरा नगर उत्सवमय नजर आया।

40 फुट ऊंचे रावण का दहन, गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

कार्यक्रम के अंतिम चरण में भगवान श्रीराम की भूमिका निभा रहे



कलाकार ने लगभग 40 फुट ऊंचे रावण के पुतले पर तीर चलाया। इसके साथ ही रावण दहन हुआ और उपस्थित लोगों ने सत्य की असत्य पर विजय के प्रतीक इस क्षण का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। पूरा परिसर जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। प्रशासनिक अधिकारियों में एसडीओपी एस.सी. बोहत, तहसीलदार सुरेंद्र कुमार और पटवारी दीपेंद्र तिवारी सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं, पन्ना नगर के पॉलिटेक्निक मैदान में भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष मीना विष्णु पांडे, प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी और रामलीला समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही। दोनों स्थानों पर दशहरा पर्व के आयोजन ने धार्मिक परंपराओं, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत किया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाने तथा समाज में सत्य, धर्म और सद्भाव को मजबूत करने का संकल्प लिया।

अमानगंज बाईपास पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, हादसे में बेटी की मौत

पिता के साथ बाइक से ससुराल जा रही थी भारती चौधरी, अज्ञात ट्रक चालक की तलाश में जुटी पुलिस



अमानगंज। पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र में रामपुर रोड से बाईपास मार्ग पर मंगलवार को सड़क हादसे में एक युवती की मौत हो गई, जबकि उसके पिता घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ, जब पिता अपनी बेटी के साथ मोटरसाइकिल से ससुराल जा रहे थे। पीछे से आए लाल रंग के अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। पुलिस को दी गई रिपोर्ट के अनुसार, ग्राम कोट विल्हाई निवासी अनारी चौधरी (50), अपनी बेटी भारती चौधरी के साथ मंगलवार, 20 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब 11रू20 बजे मोटरसाइकिल क्रमांक डच 3ऱ्5 क 8021 से ग्राम सिरी स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे। अनारी बाइक चला रहे थे और भारती पीछे बैठी थी। रामपुर रोड से बाईपास मार्ग पर पहुंचते ही पन्ना की ओर से आ रहे लाल रंग के अज्ञात ट्रक के चालक ने कथित तौर पर तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पिता-पुत्री बाइक सहित सड़क पर गिर पड़े। हादसे में अनारी चौधरी के माथे, दाहिने हाथ की कोहनी व कंधे तथा दाहिने पैर में चोटें आईं। वहीं, उनकी बेटी भारती के सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट लगी। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने भारती को मृत घोषित कर दिया। उसका शव अस्पताल में रखा गया। घटना के बाद घायल पिता ने अपने परिचित सरमन सिंह राजपूत के साथ अमानगंज थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर धारा 281, 125(ए), 106(1) भारतीय न्याय संहिता (ठछै) एवं धारा 184 मोटर वाहन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अंतर्गराष्ट्रीय शरद पूर्णोत्सव के अंतर्गत खेजड़ा मंदिर में विजयादशमी पर जीवंत हुई परंपरा

पन्ना। बुंदेलखंड की ऐतिहासिक विरासत, आध्यात्मिक चेतना और सदियों पुरानी धार्मिक परंपराओं का अनुपम संगम मंगलवार, 20 अक्टूबर को विजयादशमी के पावन अवसर पर पन्ना स्थित खेजड़ा मंदिर में देखने को मिला। यहां परंपरागत विधि-विधान के साथ पन्ना नरेश महाराजा छत्रसाल द्वितीय को विजय की तलवार एवं पान-बीड़ा भेंट कर ऐतिहासिक परंपरा का निर्वहन किया गया। इस अवसर पर छतरपुर के महाराजा छत्रसाल के वंशज विक्रम सिंह बुंदेला भी उपस्थित रहे। आयोजन के साथ दस दिवसीय शरद पूर्णिमा महोत्सव का भी भव्य शुभारंभ हुआ। मंदिर परिसर में संतों के प्रवचनों, धर्मोपदेशों और भक्ति संगीत से वातावरण देर रात तक भक्तिमय बना रहा।



तलवार भेंट कर किया शौर्य और विजय का स्मरण

खेजड़ा मंदिर में विजयादशमी पर तलवार एवं पान-बीड़ा भेंट करने की परंपरा का संबंध महामति प्राणनाथ जी और महाराजा छत्रसाल के ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक संबंधों से जुड़ा है। मान्यता है कि महामति प्राणनाथ जी ने महाराजा छत्रसाल को धर्म और देश की रक्षा के लिए आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्रदान किया था। इसी ऐतिहासिक प्रसंग की स्मृति में प्रतिवर्ष दशहरे पर यह परंपरा निभाई जाती है। मंदिर के पुजारियों ने विधि-विधान के साथ महाराजा छत्रसाल द्वितीय को तलवार एवं पान-बीड़ा भेंट किया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने बुंदेलखंड के शौर्य, पराक्रम और गौरवशाली इतिहास का स्मरण किया।

विदाई बेला में चीखें, देवेंद्रनगर बांध में डूबे पांच दोस्त; दो घरों के बुझे चिराग, त्योहार की खुशियां मातम में बदलीं



देवेंद्र नगर (पन्ना)। जहां कल तक मां दुर्गा की भक्ति के सुर गूंज रहे थे, वहां आज सिर्फ चीखें और सिसकियां हैं। देवेंद्र नगर बांध में मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुआ हृदय विदारक हादसा पूरे अंचल को गहरे जख्म दे गया। गहरे पानी में समाने से पांच दोस्त डूब गए, जिनमें से तीन को तो बचा लिया गया, लेकिन दो घरों के लाडले चिराग हमेशा-हमेशा के लिए बुझ गए। इस खौफनाक मंजर के बाद से पूरे देवेंद्र नगर क्षेत्र की खुशियां मातम के गहरे सन्नाटे में डूब गई हैं।

इस दर्दनाक हादसे ने 18 वर्षीय मासूम आयुष अग्रवाल (पिता शेष अग्रवाल) और 25 वर्षीय होनहार युवा कृष्णा सोनी (पिता नारायण दास सोनी) को उनके परिवारों से हमेशा के लिए छीन लिया। वहीं, मौत के मुंह से सुरक्षित बाहर निकाले गए साहिल तिवारी को अस्पताल से घर भेज दिया गया है हरिओम द्विवेदी रेफर कर दिया गया है और करण सोनी घर भेज दिया गया है लेकिन उनके दिलों पर लगे सदमे के घाव शायद कभी नहीं भर पाएंगे।

मां की गोद सूनी, पिता का सहारा छीना

जैसे ही आयुष और कृष्णा के बेजान शरीर उनके घरों के आंगन में पहुंचे, कोहराम मच गया। जिस मां ने सुबह अपने लाडले की नजर उतारी थी, वह अब उसके निश्चेत शरीर से लिपटकर बेसुध पड़ी है। पिता की आंखें पथरा गई हैं, मानो उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा कि बुढ़ापे की लाठी और उनके घरों के चिराग अब इस दुनिया में नहीं रहे। पूरा मोहल्ला इन दोनों परिवारों के आंसू पोंछने में लगा है, लेकिन हर आंख नम है और हर दिल भारी।

इनका कहना है (प्रशासनिक एवं चिकित्सीय पक्ष)

मूर्ति विसर्जन स्थल पर 5 बच्चों के डूबने की खबर मिलते ही प्रशासनिक टीम तुरंत मौके पर पहुँची। बच्चों को तत्काल देवेंद्रनगर अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने 2 बच्चों को मृत घोषित कर दिया। बाकी 3 बच्चों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल पन्ना रेफर किया गया है। विसर्जन स्थल पर पुलिस प्रशासन, नगर परिषद की टीम, हल्का पटवारी, कोटवार, police बल और गोताखोर पहले से ही तैनात थे।ह

— सुमित तिवारी, तहसीलदार देवेंद्र नगर

इनका कहना है:

यह मामला आज मूर्ति विसर्जन के दौरान का है। मुझे जानकारी मिली है कि करीब पांच बच्चे विसर्जन के समय पानी में डूब गए थे। इनमें से तीन बच्चों को बचा लिया गया है। इन तीनों बच्चों को अस्पताल लाया गया, जो घायल अवस्था में थे। हमारे द्वारा तीनों का प्राथमिक उपचार (Primary Treatment) किया गया और उनमें से दो बच्चों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। दो बच्चे ब्रॉट डेड (Brought Dead - मृत अवस्था) में अस्पताल लाए गए थे, जिनकी आगे की और पोस्टमार्टम (PM) की कार्रवाई की जा रही है।

— डॉ. अभिषेक जैन, सीबीएमओ (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, देवेंद्र नगर)

122वीं रामलीला में छलका भाईचारे और मर्यादा का संदेश, श्रद्धालु बने साक्षी

श्रीराम भरत- मिलाप और राज्यभिषेक की लीला के साथ गिरा रामलीला का पर्दा



नौगांव। शहर में पिछले 14 दिनों से चल रही बुन्देलखण्ड की सबसे एवं 122 वर्ष प्राचीन रामलीला में बुधवार की रात रामलीला के मंच पर विजयादशमी पर्व के बाद श्रीराम भरत मिलाप, श्रीराम राज्यभिषेक के साथ अन्य लीलाओं के मंचन के साथ रामलीला का पर्दा गिर गया। नौगांव की ऐतिहासिक 122 वीं रामलीला का समापन बुधवार की रात भारत मिलाप और श्रीराम के राजतिलक की दिव्य लीला के साथ हुआ। समापन अवसर पर रामलीला मैदान भक्तिभाव और उल्लास से सराबोर रहा। नगर की श्रीरामलीला समिति द्वारा पिछले 14 दिनों से आयोजित होने वाली रामलीला के 15वें दिन बुधवार की रात रामलीला के मंच पर श्रीराम भरत मिलाप, श्रीराम राज्याभिषेक के साथ ही अन्य लीलाओं का सजीव मंचन किया गया। जिसके लिए भगवान राम ने लंकेश से युद्ध जीतने के बाद माता सीता के साथ भरत मिलाप की लीला का मंचन किया गया। भरत मिलाप की लीला का मंचन देखकर जनता भावभिभोर हो गई। राम के वनवास से लौटने पर राम–लक्ष्मण–सीता और भरत–शत्रुघ्न का मिलन इतना भावुक रहा कि दर्शक भी अपने आँसू नहीं रोक पाए। जय श्रीराम और भरत जी की जय के जयघोषों से पूरा मैदान गूंज उठा। इसके बाद भगवान श्रीराम, माता सीता के साथ भरत के साथ पुष्पक विमान से अयोध्या के लिए रवाना हुए। अयोध्या पहुंचने के बाद अयोध्यावासियों ने भगवान राम का दीप जलाकर स्वागत किया। लीला के अंतिम चरण में भगवान श्रीराम का राजतिलक हुआ। मंच पर सोने-चांदी की सजीव सजावट और पुष्पवर्षा के बीच जब श्रीराम, सीता, लक्ष्मण सिंहासन पर विराजमान हुए तो दृश्य अलौकिक हो उठा। इसके बाद राजकीय सम्मान के साथ भगवान श्रीराम का गुरु वशिष्ठ ने तिलक कर राज्याभिषेक किया गया। उसके बाद अयोध्या में रामराज्य की स्थापना हुई। इसके बाद अयोध्या नगरी में विजय यात्रा भी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इन्हीं सब लीलाओं के साथ रामलीला का पर्दा गिर गया। समापन के इस कार्यक्रम को देखने नगर ही नहीं, आसपास के गाँवों से भी लोग पहुंचे।रामलीला समिति अध्यक्ष विनोद मेहरोत्रा ने कहा कि रामलीला का मंचन केवल एक परंपरा नहीं बल्कि समाज को धर्म, मर्यादा, भाईचारे और आदर्श जीवन का संदेश देने वाला आयोजन है। श्रीराम के चरित्र से हमें सदैव प्रेरणा लेनी चाहिए।

बच्चों ने खुद बनाया रावण का पुतला, धूमधाम से किया दहन; दिया बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश

छतरपुर। विजयादशमी यानी दशहरा पर्व पूरे देश के साथ-साथ छतरपुर जिले में भी हर्षोल्लास और पारंपरिक आस्था के साथ मनाया गया। जहाँ एक ओर बड़े-बड़े मैदानों में विशालकाय रावण के पुतलों का दहन किया गया, वहीं दूसरी ओर छतरपुर शहर की चेतगिरी कॉलोनी में त्योहार का एक बेहद खूबसूरत और प्रेरणादायक नज़ारा देखने को मिला।

यहाँ रहने वाले छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी लगन, मेहनत और रचनात्मकता का परिचय देते हुए खुद ही रावण का पुतला तैयार किया और पूरी परंपरा व उत्साह के साथ उसका दहन कर विजयादशमी का पर्व मनाया।



हर्षोल्लास के साथ किया दहन, गूंजे जयकारे

दशहरे की शाम को कॉलोनी के सभी बच्चे एक साथ एकत्र हुए और पूरे रीति-रिवाज के साथ रावण के पुतले का दहन किया। पुतला दहन होते ही बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और पूरा परिसर "जय श्री राम" के जयकारों व आतिशबाजी से गूंज उठा। बच्चों के इस अभिनव प्रयास ने न केवल कॉलोनीवासियों का दिल जीत लिया, बल्कि त्योहार की खुशियों को भी कई गुना बढ़ा दिया।

इन बच्चों की रही सराहनीय उपस्थिति

इस बाल आयोजन और रावण दहन के कार्यक्रम में मुख्य रूप से हिमांशी गेमलानी, खुशी, एंजल, शिव, शिवांश, अमय, रंश मिश्रा, समर्थ और लाडो सहित कॉलोनी के अन्य छोटे-छोटे बच्चे मौजूद रहे। इन सभी बच्चों ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाया और बड़ों से भी खूब शाबाशी बटोरी।

बच्चों ने खुद की मेहनत से दिया कला का परिचय

चेतगिरी कॉलोनी के नन्हे-मुन्नों ने इस बार बाज़ार से पुतला लाने या केवल बड़ों का दहन देखने के बजाय खुद अपनी कला से रावण का पुतला बनाने का फैसला किया। बच्चों ने कई दिनों से कागज़, बाँस और रंगों का उपयोग कर अपनी मेहनत से एक आकर्षक पुतला तैयार किया। इस दौरान बच्चों के चेहरे पर त्योहार को लेकर खासा उत्साह और उमंग देखने को मिला।

खबर संक्षेप



छत से 15 फीट नीचे गिरा आदिवासी युवक, हालत गंभीर; ग्वालियर रेफर

छतरपुर। जिले के किशनगढ़ थाना क्षेत्र के नगदा गांव में छत से गिरने के कारण 20 वर्षीय आदिवासी युवक वीर सिंह गौंड गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक रात में अपने घर की छत पर सो रहा था। देर रात नित्य क्रिया के लिए उठने के दौरान संतुलन बिगड़ने से वह करीब 15 फीट नीचे गिर गया। हादसे में उसे गंभीर चोटें आईं और वह बेहोशी की हालत में पहुंच गया।परिजनों के मुताबिक, सुबह तक युवक की हालत गंभीर बनी हुई थी। उसे जिला अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस नहीं मिलने पर परिजन बाइक से ही करीब 40 से 50 किलोमीटर का सफर तय कर अस्पताल पहुंचे। घायल के मौसेरे भाई मानिक सिंह गौंड ने एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने की बात कही। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने युवक का प्राथमिक उपचार किया। गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए ग्वालियर रेफर कर दिया गया। फिलहाल युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में बिना मुंडेर की छतों पर सुरक्षा व्यवस्था और ग्रामीण क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

छतरपुर के मोटे के महावीर मंदिर में लगेगा आयुर्वेदिक शिविर

छतरपुर। क्या आप या आपके परिवार में कोई लंबे समय से श्वास या दमा (अस्थमा) जैसी गंभीर बीमारी से परेशान हैं? क्या मौसम बदलते ही सांस फूलने और खांसी की समस्या आपको बेबस कर देती है? अगर हाँ, तो इस शरद पूर्णिमा की रात छतरपुर में आपके लिए सेहत का एक अनूठा और सिद्ध आयुर्वेदिक मार्ग खुलने जा रहा है।छतरपुर के प्रसिद्ध श्री मोटे के महावीर मंदिर समिति और विश्व आयुर्वेद परिषद की संयुक्त पहल पर इस वर्ष शरद पूर्णिमा, 25 अक्टूबर 2026 को एक विशेष श्वास-दमा आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।आयुर्वेद के प्राचीन सिद्धांत समदोषः समाग्निश्च सम धातु मल क्रियः। प्रसन्नात्मेन्द्रियमनः स्वस्थ्य इत्यभिधीयते। पर आधारित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य शरीर, मन और आत्मा के संतुलन के जरिए दमा और श्वास रोगियों को प्राकृतिक व स्थायी राहत दिलाना है।

कुएं में गिरा युवक, दोस्तों ने बचाई जान



छतरपुर। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के नया मोहल्ला निवासी अरबाज सिद्याड़ी नदी नई ईदगाह के पास स्थित एक कुएं के पास अपने दोस्तों के साथ बैठा हुआ था। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह पानी से भरे कुएं में जा गिरा।घटना के बाद मौके पर मौजूद दोस्तों ने तत्परता दिखाते हुए अरबाज को कुएं से बाहर निकाला। हादसे में अरबाज के सिर में चोट आई, जिसके बाद उसे उपचार के लिए छतरपुर जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसका उपचार किया।अरबाज ने बताया कि हादसे के समय उसके दोस्त मौके पर मौजूद थे और उन्होंने समय रहते उसे कुएं से बाहर निकाल लिया। उसने कहा कि यदि उसके दोस्त वहां नहीं होते, तो कोई बड़ी घटना घट सकती थी।

दीपावली पर अस्थायी आतिशबाजी लाइसेंस के लिए 23 अक्टूबर से ऑनलाइन आवेदन

छतरपुर। दीपावली पर्व के अवसर पर आतिशबाजी के कब्जे एवं विक्रय के लिए अस्थायी अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) प्राप्त करने हेतु आवेदक 23 अक्टूबर से 2 नवंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, भोपाल के निर्देशानुसार अस्थायी अनुज्ञप्तियां एलएसडीए मॉड्यूल के माध्यम से जारी की जाएंगी।आवेदन करते समय आवेदकों को निर्धारित आवेदन पत्र के साथ संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रतियां ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करनी होंगी। अनुज्ञप्ति के लिए निर्धारित शुल्क का भुगतान कोष एवं लेखा कार्यालय के लेखाशीर्ष 0070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं, 060-अन्य सेवाएं, 103-विस्फोटक अधिनियम के अंतर्गत ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन चालान के माध्यम से किया जा सकेगा।अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी विनय द्विवेदी ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित अवधि में केवल ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। ऑफलाइन आवेदन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

शराबी पति की प्रताड़ना से तंग विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत, जहरीला पदार्थ पिलाने का आरोप



छतरपुर। अजनर थाना क्षेत्र के ग्राम खिरिया में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतिका के परिजनों ने पति पर शराब के नशे में मारपीट करने और जबरन जहरीला पदार्थ पिलाकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम छतरपुर जिला अस्पताल में करवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतिका विनीता सोनी 29 वर्ष पत्नी भरत सोनी निवासी ग्राम खिरिया थाना अजनर का मायका बिलबई छिकारा में था। मृतिका के भाई अजयकांत सोनी ने बताया कि उन्होंने अपनी बहन की शादी वर्ष 2019 में ग्राम खिरिया निवासी भरत सोनी के साथ की थी। शादी के कुछ समय बाद से ही पति शराब के नशे में आए दिन विनीता के साथ मारपीट करता था।परिजनों का आरोप है कि करीब 15 दिन पहले भी पति भरत सोनी ने अपनी बहन अंजलि के कहने पर विनीता के साथ जमकर मारपीट की थी। घटना की सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग ससुराल पहुंचे और घायल महिला को इलाज के लिए बेलाताल अस्पताल लेकर गए थे, जहां उसका उपचार कराया गया था।

भाई अजयकांत ने बताया कि कल रात एक बार फिर ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा विनीता के साथ मारपीट की गई और उसे जबरन जहरीला पदार्थ पिला दिया गया। इसके बाद ससुराल वालों ने घटना की सूचना मायके पक्ष को दी। सूचना मिलते ही मायके वाले तुरंत मौके पर पहुंचे और महिला को निजी वाहन से छतरपुर के एक निजी अस्पताल लेकर आए, जहां इलाज के दौरान देर रात विनीता ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने मृतिका के शव को छतरपुर जिला अस्पताल भिजवाकर पोस्टमार्टम कराया है और मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

छतरपुर सिविल सोसायटी ने भी किया नमन

छतरपुर। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर 21 अक्टूबर को पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीआईजी विजय कुमार खत्री, कलेक्टर मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा सहित अन्य अधिकारियों एवं समाजसेवियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर शहीद पुलिस जवानों को नमन किया। पुलिस बल ने शस्त्र झुकाकर सलामी दी और दो मिनट का मौन रखकर वीर शहीदों के बलिदान को याद किया। इस दौरान एसपी रजत सकलेचा ने कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुए देशभर के 198 पुलिस जवानों के नामों का वाचन किया, जिनमें मध्यप्रदेश के नौ जवान शामिल थे। सत्य शोधन आश्रम के बच्चों ने देशभक्ति के नारों से परिसर को गुंजायमान कर दिया। छतरपुर सिविल सोसायटी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त किया।21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट



स्प्रिंग्स में चीनी सेना से मुकाबला करते हुए सीआरपीएफ के 10 जवानों ने सर्वोच्च बलिदान दिया था। उन्हीं वीर जवानों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है।प्रमुख रूप से रहे उपस्थितः अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले, समाजसेवी शंकरलाल सोनी, छतरपुर सिविल सोसायटी के संयोजक पंकज जैन, प्रो. सुरेंद्र सिन्हा, इंजीनियर जेपी भट्ट, बीपी सिंह, आशाराम बर्दानी, दिल्लाराम अहिरवार, आरपी कुरील, अनिल दीक्षित, मिजाजी लाल, रामजी अग्रवाल, सत्य शोधन आश्रम प्रभारी देवेंद्र भंडारी, कवि अवनीन्द्र खरे, दीपक गुप्ता, अर्जुन सिंह, कर्मयोगी संतोष गंगेले, पूर्व सैनिक एसके गंगेले, बीके त्रिपाठी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत ने किया।

थ्रेशर में काम करते समय युवक का हाथ कटा, गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती



छतरपुर। जिले के ओरछा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देरी में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। खेत में काम करने के दौरान थ्रेशर मशीन की चपेट में आने से 25 वर्षीय एक युवक का हाथ कट गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद परिजन आनन-फानन में युवक को बाइक पर बैठाकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम देरी निवासी 25 वर्षीय गनेश कुशवाहा (पिता छिद्दी कुशवाहा) अपने खेत पर कृषि कार्य कर रहा था। इसी दौरान थ्रेशर मशीन में काम करते समय अचानक उसका हाथ मशीन की चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि युवक का हाथ बुरी तरह फंस गया और वह लहूलुहान होकर मौके पर ही तड़पने लगा।चीख-पुकार सुनकर आसपास काम कर रहे परिजन और ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। एम्बुलेंस का इंतजार किए बिना, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए परिजन घायल गनेश को टरसाइकिल पर बीच में बैठाकर तुरंत छतरपुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों की टीम ने युवक का प्राथमिक उपचार शुरू किया। युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे सर्जरी वार्ड (तीसरी मंजिल) में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है। डॉक्टरों के मुताबिक अत्यधिक खून बह जाने के कारण युवक की हालत फिलहाल चिंताजनक बनी हुई है और उस पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इस घटना के बाद से पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

दिनदहाड़े युवक का अपहरण, पुलिस ने पेट्रोल पंप के पास से चारों आरोपियों को दबोचा

छतरपुर में डेयरी विवाद ने पकड़ा तूल, मारपीट के बाद कार में अगवा किया युवक





छतरपुर। छतरपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत चौबे कॉलोनी में दूध डेयरी की दुकान को लेकर चल रहा विवाद खूनी संघर्ष और अपहरण तक पहुंच गया। अगल-बगल डेयरी खोलने की रंजिश के चलते मंगलवार शाम को चार लोगों ने मिलकर राकेश यादव के साथ पहले जमकर मारपीट की और फिर उन्हें जबरन एक चार पहिया वाहन में बैठाकर फरार हो गए। इस पूरी सनसनीखेज घटना का वहां मौजूद किसी शख्स ने वीडियो बना लिया, जिसके बाद पुलिस को तुरंत सूचना दी गई।

पेट्रोल पंप से पकड़े गए चारों आरोपी

घटना की जानकारी मिलते ही सिविल लाइन थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ हरकत में आए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी की और चारों आरोपियों भज्जू यादव, ब्रजपाल यादव, चंद्रभान यादव और ओम अरजरिया को एक पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार कर लिया। साथ ही, अपहृत राकेश यादव को भी सकुशल अपनी निगरानी में ले लिया गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ अपहरण और गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

15 फीट ऊंचे महुआ के पेड़ पर गले में धारदार हथियार के निशान के साथ महुआ के पेड़ पर अधमरी हालत में मिला शोभा लाल, विजयादशमी के त्योहार पर

लवकुशनगर। थाना क्षेत्र के गुढ़ा कला गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। गांव के 35 वर्षीय शोभा लाल कुशवाहा पिता जिद्दी कुशवाहा खून से लथपथ हालत में जमीन से लगभग 15 फीट ऊंचे महुआ के पेड़ पर मिले। उनके गले पर धारदार हथियार के गहरे घाव थे। इस खौफनाक घटना के बाद पूरे गांव में सन्नाटा और दहशत का माहौल व्याप्त हो गया।



पेड़ पर खून से लथपथ व्यक्ति मिलने की खबर आग की तरह फैली और ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही एसडीओपी नितेश पटेल और थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी पुलिस बल के साथ पहुंचे। पुलिस टीम ने तुरंत घायल को पेड़ से नीचे उतरवाकर अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था की, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बुधवार सुबह शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। 15 फीट की ऊंचाई पर गले पर गंभीर चोट के साथ व्यक्ति का मिलना इस मामले को जटिल बना रहा है। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे हत्या और आत्महत्या दोनों कोणों से देख रही है। वहीं, स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि शोभा लाल की बीते दो सालों से मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, जिसके चलते उन्होंने इसे आत्महत्या की आशंका बताया है। मामले का सच सामने लाने के लिए बुधवार दोपहर एफएसएल और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट्स की टीम ने घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया। जांच टीम ने पेड़ के तने, आसपास की मिट्टी और अन्य साक्ष्यों से फिंगरप्रिंट व नमूने एकत्र किए हैं ताकि घटना की कड़ी से कड़ी जोड़ी जा सके।



450 वर्षों पुरानी शाही परंपरा के साथ धूमधाम से मनाया गया विजयदशमी का पर्व

बुराई पर अच्छाई की जीत, धू-धू कर जले रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतले

रीवा।

बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयदशमी जिले में धूमधाम से मनाया गया। शहर से लेकर नगर परिषद व ग्रामीण अंचलों में जगह-जगह रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले दहन किए गए। इस मौके पर लोगों ने एक दूसरे को दशहरे की शुभकामनाएं दी। लोगों ने देश को स्वच्छ बनाने के साथ गंदगी रूपी रावण के वध का भी संकल्प लिया।

नगर विजयादशमी उत्सव समिति के तत्वावधान में एनएनसीसी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। असत्य और बुराइयों का अंततः नाश होता ही है, अहंकारी रावण के वध के साथ एक बार रामलीला के मंचों से यही संदेश दिया गया। रात को रंगारंग आतिशबाजी के बीच श्रीराम ने अंतिम तीर चलाया और देखते-देखते हुए 55 फिट रावण का विशालकाय पुतला जलकर खाक हो गया। इससे पहले 50-50 फिट के कुंभकरण और मेघनाद भी मारे गए। रावण के मारे जाते ही आकाश श्रीराम की जयघोष से गूंजने लगा। आकर्षक झांकियों, भव्य आतिशबाजी तथा रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों के दहन के साथ विजयादशमी उत्सव संपन्न हुआ। कारीगरों द्वारा तैयार किए गए तीनों पुतलों का दहन देखने के लिए शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग एनसीसी ग्राउंड (दशहरा मैदान) पहुंचे। देखते ही देखते पूरा मैदान दर्शकों से खचाखच भर गया। कार्यक्रम में युवराज दिव्यराज सिंह आकर्षक झांकियों के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। सर्वप्रथम भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की पूजा-अर्चना की गई, जिसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ शाम 7 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ, जो देर रात तक अनवरत चलता रहा। राधिकेश म्यूजिकल ग्रुप द्वारा प्रस्तुत भजनों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की हिना सिंह, जबलपुर के अमित तिवारी एवं रतन त्रिपाठी, सतना के विजय कामड़े तथा रीवा की सारिका मिश्रा एवं सत्यम तिवारी ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं कार्यक्रम में उपस्थित संभागीय आयुक्त शीलेन्द्र सिंह ने मंच से शहरवासियों को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दीं। सिरमौर विधायक युवराज दिव्यराज सिंह ने विजयादशमी के शुभअवसर पर नीलकंठ पक्षी को गगन में मुक्त कर सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि हम सभी संकल्प लेते हैं कि प्रदेश के साथ-साथ रीवा जिले को भी नशामुक्त बनाएंगे। मंच पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत नगर विजयादशमी उत्सव समिति के संस्थापक संरक्षक सियाराम गुप्ता, संरक्षक वीरेन्द्र गुप्ता, संरक्षक प्रकाश तारानी, अध्यक्ष महेन्द्र सराफ, महासचिव देवेश कुमार सोनी, उपाध्यक्ष प्रभात दीक्षित (गुड्डू), कोषाध्यक्ष मोहितलाल गुप्ता मीडिया प्रभारी प्रमोद दीक्षित (छोटू), सुधीर सोनी (अध्यक्ष, सराफा मंडल), दिव्यांशु गौतम (जिला मंत्री, विश्व हिंदू परिषद), संजीव गुप्ता, महेश ठारवानी, प्रकाश गुप्ता (रतहरा), सचिन डुडानी, अभिषेक अग्रवाल (इशू), राजेश साहू, आकाश अग्रवाल, बी.डी. कच्छवाह, अजय प्रधान, यशवर्धन सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने किया।







आतिशबाजी ने मोहा मन

मंद-मंद मुस्कारते रावण कुनबे के पुतलों से निकलने वाली आतिशी बारिश ने लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान रंग-बिरंगी आतिशबाजी के नजारे का लोगों ने लुत्फ उठाया। कारीगर ने रावण, कुंभकरण व मेघनाद के पुतलों में हजारों पटाखे लगाए गए।

गद्दी पूजन के बाद शुरू हुआ ऐतिहासिक दशहरे का पर्व

मंगलवार की शाम विजयादशमी के अवसर पर सैकड़ो वर्ष पुराने ऐतिहासिक पल को दोहराया गया, रीवा किला में सबसे पहले गद्दी पूजन का आयोजन किया गया, जिसमे राज पुरोहितों के द्वारा वेदों के मंत्र उच्चारण के साथ राजसी अंदाज में पूजा अर्चना की गई, रीवा रियासत के 37वें महराजा पुष्पराज सिंह व उनके पुत्र युवराज दिव्यराज सिंह ने अपने आराध्य राज सिंहासन में विराजे राजाधिराज भगवान राम की विशेष पूजा अर्चना की, इस दौरान राजपरिवार के कई सदस्य उपस्थित रहे, इसके बाद किला के बाहर प्रतीक्षा कर रही प्रजा को राजा ने दर्शन दिए। अब तक बघेल वंश से 37 पीढ़ियों तक के राजाओं ने राजपाठ संभला, तब से लेकर अब तक एक भी राजा राज सिंहासन में विराजमान नहीं हुए और भगवान राम सीता सहित लक्ष्मण को राजाधिराज के रूप में स्थापित किया और राजगद्दी श्रीराम के नाम करके उन्हें अपना आराध्य माना और खुद प्रशासक के रूप में काम करते हुए उनकी सेवा करते रहे, इसके बाद से प्रत्येक वर्ष दशहरे के दिन विधिवत राजसी अंदाज में पूजा अर्चना का प्रचलन शुरू हुआ और रियासत के प्रत्येक महाराजा इस परंपरा को उसी शाही अंदाज में निभाते चले आए। परम्परा का निर्वहन करते हुए महाराजा पुष्पराज सिंह व युवराज दिव्यराज सिंह ने मंच से नीलकंठ पक्षी को आकाश की ओर उड़ाया और इसी दौरान पान खाने की परम्परा भी निभाई गई, इसके बाद हर वर्ष की तरह विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करके देश और विंध्य का नाम रोशन करने वालें महान लोगों को महाराज पुष्पराज सिंह के द्वारा पुरुस्कृत भी किया गया।

भगवान राम ने अनुज लक्ष्मण को सौंपा था विंध्य क्षेत्र

बताया जाता है की 13 वीं शताब्दी यानी की लगभग 700 साल पहले बघेल राजवंश की स्थापना विंध्य के बांधवगढ़ में हुई थी, बघेल राजवंश के पित्रपुरुष व्याघ्रदेव उर्फ बाघ देव महाराज गुजरात से विंध्य के बांधवगढ़ में आए. इसी दौरान महाराजा ने जानकारी दी थी कि समूचा इलाका भगवान राम के अनुज लक्ष्मण का है, इसके बाद बघेल राजवंश के महाराज विक्रमादित्य सिंह जू देव ने 16वीं शताब्दी में बांधवगढ़ से राजधानी का दर्जा समाप्त करते हुए रीवा रियासत को बघेल राजवंश की राजधानी बनाई. तकरीबन 400 वर्ष पूर्व रियासत की राजधानी बदली गई,इसका दर्जा रीवा को मिला बघेल वंश के राजा रीवा आए और यहीं पर स्थापित हो गए।

डीआईजी के गनमैन के घर चोरी, पहले पूड़ी-सब्जी खाई, फिर माल समेटकर हुए रफूचक्कर

बदमाशों ने कमरे का दरवाजा बाहर से किया बंद, 50 हजार नकद और 40 हजार के जेवर ले गए

रीवा। शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र में चोरी की एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। चोरों ने रीवा जोन डीआईजी के गनमैन अशोक तिवारी के घर को निशाना बनाया। वारदात की सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि घर में चोरी करने पहुंचे आरोपियों ने पहले रसोई में बैठकर पूड़ी-सब्जी खाई और फिर नकदी व सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए। घटना ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार देर रात हुई इस घटना के दौरान अशोक तिवारी घर में सो रहे थे। आरोपियों ने उनके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया, जिससे उन्हें चोरी की भनक तक नहीं लगी। इसके बाद चोर घर में रखे करीब 50 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवर सहित कीमती सामान लेकर फरार हो गए। जेवरों की कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई जा रही है, बुधवार सुबह घटना की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस चोरी के तरीके, घटनास्थल से मिले संभावित साक्ष्यों और अन्य परिस्थितियों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की टीम बुलाई गई है। वहीं, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।



शहर में विदेशी कलाकार दिखाएंगे हैरतअंगेज करतब

रीवा। शहर के लोगों को करीब 27 साल बाद एक बार फिर सर्कस देखने का मौका मिलने जा रहा है। मनोरंजन की दुनिया का कभी प्रमुख हिस्सा रहा सर्कस अब रीवा में वापसी करने जा रहा है। शहर के गोडहर मोड़ के समीप ग्रेट जेमिनी सर्कस का बुधवार को शुभारंभ हो गया है यहां देश के अलग-अलग हिस्सों से आए कलाकारों के साथ विदेशी कलाकार भी अपनी कला और हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन करेंगे। ग्रेट जेमिनी सर्कस में अफ्रीकी कलाकारों के विशेष प्रदर्शन देखने को मिलेंगे। इसके अलावा छोटे कद के जोकर अपने हास्य और मनोरंजक अंदाज से दर्शकों को गुदगुदाएंगे। बच्चों के लिए जोकरों की मस्ती और कलाकारों की रंग-बिरंगी प्रस्तुतियां खास आकर्षण रहेंगी। सर्कस में कलाकारों की शारीरिक दक्षता, संतुलन और साहस से जुड़े कई ऐसे करतब दिखाए जाएंगे, जिन्हें देखकर दर्शक रोमांचित हो उठेंगे। सर्कस के दौरान अलग-अलग तरह की प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को मनोरंजन की विविध झलकियां देखने को मिलेंगी। बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए यहां कुछ न कुछ खास देखने को रहेगा। ग्रेट जेमिनी सर्कस में प्रतिदिन तीन शो आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पहला शो दोपहर 1 बजे, दूसरा शाम 4 बजे और तीसरा शो शाम 7:30 बजे शुरू होगा। सर्कस में बदलते कार्यक्रमों और विभिन्न कलाकारों की प्रस्तुतियों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन किया जाएगा।

लालच देकर जेवरात लिए, फिर लौटाने से मुकरा, शिकायत के बाद आरोपी गिरफ्तार

रीवा। लालच देकर सोने-चांदी के जेवरात लेने और बाद में वापस नहीं करने के मामले में सेमरिया पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी ग्राम चौरा निवासी छोटू खान उर्फ मोहम्मद हयात (28) है। पुलिस ने उसके कब्जे से चांदी जैसी धातु की दो पायल जब्त की हैं। मामले में शामिल दूसरा आरोपी भैयन कबाड़ी अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, मामले में 15 जून को शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में छोटू खान और सेमरिया कस्बे के भैयन कबाड़ी पर लालच देकर सोने-चांदी के जेवरात लेने और वापस नहीं करने के आरोप लगाए गए थे। शिकायत के आधार पर थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल के नेतृत्व में सेमरिया थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। प्रकरण दर्ज होने के बाद से पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने छोटू खान उर्फ मोहम्मद हयात को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसके बयान दर्ज किए गए। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया है। उसके कब्जे से दो पायल जब्त की गईं।



इसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। मामले में नामजद दूसरा आरोपी भैयन कबाड़ी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

पुलिस लाइन में उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने किया शस्त्र पूजन

रीवा । विजयादशमी के पावन पर्व पर पुलिस लाइन रीवा में शस्त्र पूजन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विधि-विधान के साथ शस्त्र पूजन किया और जिलेवासियों को दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री को सशस्त्र बल के जवानों ने गार्ड ऑफ आनर दिया। पुलिस बल द्वारा गरिमापूर्ण तरीके से पर्व मनाया गया। उप मुख्यमंत्री ने विजयादशमी की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य, अन्याय पर न्याय और अधर्म पर धर्म की विजय का शाश्वत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शस्त्र पूजन हमारी एक गौरवशाली ऐतिहासिक परंपरा है, जिसका उद्देश्य आराजक शक्तियों की समाप्ति और रचनात्मक शक्तियों की ताकत को बढ़ाना है। विजयादशमी अहंकार को समाप्त करने और मर्यादा की जीत स्थापित करने का संकल्प लेने का दिन है, क्योंकि रावण अहंकार के प्रतीक थे और भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम मर्यादा के प्रतीक थे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पांडेय और भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



दुर्गा विसर्जन के दौरान हादसा, गहरी खदान में डूबा 21 वर्षीय युवक

रीवा। जिले के त्यौंथर तहसील अंतर्गत जनेह थाना क्षेत्र के खभरा गांव में दुर्गा विसर्जन के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। प्रतिमा विसर्जन के लिए पहुंचे 21 वर्षीय युवक कान्हा शुक्ला के पानी से भरी गहरी खदान में डूबने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की तलाश के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू कराया गया। पुलिस के साथ एसडीआरएफ की टीम भी सर्च ऑपरेशन में जुटी हुई है। हालांकि, घंटों तक तलाश किए जाने के बावजूद युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को खभरा गांव में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान यह हादसा हुआ। इसी दौरान करीब 21 वर्षीय कान्हा शुक्ला पानी से भरी गहरी खदान में डूब गया। देखते ही देखते मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने युवक की तलाश के प्रयास किए, लेकिन खदान में पानी की गहराई अधिक होने के कारण उसे ढूंढने में परेशानी हुई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में चिंता का माहौल बन गया। हादसे की सूचना मिलते ही जनेह थाना प्रभारी प्रवीण उपाध्याय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल युवक की तलाश शुरू कराई और बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ की मदद ली गई। इसके बाद पुलिस और बचाव दल ने खदान में सर्च ऑपरेशन चलाया। काफी देर तक पानी में तलाश की गई, लेकिन युवक का पता नहीं चल पाया। खदान में युवक के डूबने की सूचना के बाद से ही बचाव दल लगातार उसकी तलाश में जुटा है। गहरे पानी में सर्चिंग के दौरान बचाव दल को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। घंटों की मशक्कत के बाद भी युवक शव बरामद हुआ।



धर्म परिवार के तत्वावधान 22 को निकलेगी भव्य श्रीराम धर्म विजय शोभायात्रा

रीवा। धर्म, आस्था और सनातन संस्कृति की गौरवशाली परंपराओं को सहेजने के उद्देश्य से 'हिन्दू उत्सव समिति धर्म परिवार' के तत्वावधान में आगामी 22 अक्टूबर, गुरुवार को रीवा शहर में एक भव्य 'श्रीराम धर्म विजय शोभायात्रा' निकाली जाएगी। धर्म परिवार के अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू ने बताया कि शोभायात्रा का शुभारंभ सायं 3:00 बजे मानस भवन से किया जाएगा।

रानी तालाब मंदिर परिसर में आज से होगी भव्य रामलीला

रीवा।

रानी तालाब मंदिर परिसर में 22 से 26 अक्टूबर तक भव्य श्री रामलीला उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसका आयोजन मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है।

इससंबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि रामलीला आयोजन के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए आयुक्त नगर निगम अक्षत जैन को नोडल अधिकारी तथा एसडीएम हुजूर जितेन्द्र तिवारी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। दोनों अधिकारी कार्यक्रम स्थल में रामलीला उत्सव के लिए मंच, साफ-सफाई, पेयजल, बिजली एवं सुरक्षा का समुचित प्रबंध करें। संस्कृति परिषद द्वारा रामलीला उत्सव के आयोजन के लिए विकास तिवारी को सम्पूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

चिकित्सक निर्धारित मुख्यालय में निवास करने के साथ समय पर ओपीडी संचालित करें

रीवा।

उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रीवा जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सिविल अस्पतालों में पदस्थ मेडिकल ऑफीसर्स के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने ओपीडी संचालन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चिकित्सकों को निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर मिले। ग्रामीण क्षेत्रों में पदस्थ चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ अपने निर्धारित मुख्यालय में निवास करें तथा पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ मरीजों का समुचित उपचार करें। अस्पतालों में आने वाले मरीजों को वहाँ किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और जवाबदेही के साथ करें। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बंधपत्र चिकित्सक अनिवार्य रूप से अपने निर्धारित मुख्यालय में निवास करें तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। स्वास्थ्य संस्थाओं के परिसर में स्वच्छता बनाए रखें। आवश्यक एवं जीवनरक्षक औषधियों का समुचित भंडारण सुनिश्चित करें। दवाओं की उपलब्धता पर सतत निगरानी रखें। चिकित्सकों का व्यवहार एवं आचरण मरीजों के प्रति संवेदनशील, सहयोगात्मक और सम्मानजनक होना चाहिए।, प्रत्येक चिकित्सक मरीजों से प्रभावी संवाद स्थापित करे। उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को गंभीरता से सुनें और समुचित उपचार करें। स्वास्थ्य संस्थाओं में अनावश्यक संलग्नीकरण समाप्त कर मानव संसाधन का उपयोग निर्धारित कार्यस्थल पर करें। अस्पतालों में पहुंचने वाले प्रत्येक मरीज का समुचित परीक्षण, आवश्यक जांच, उपचार एवं रेफरल की व्यवस्था निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार करें। राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराएं। नए एवं पूर्व से कार्यरत स्टाफ को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अद्यतन जानकारी दें तथा जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से समय-समय पर प्रशिक्षण एवं संवेदीकरण सुनिश्चित करें, जिससे योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। उप मुख्यमंत्री ने रीवा जिले में शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर में प्रभावी कमी लाने के लिए समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, नियमित प्रसवपूर्व जांच, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की निगरानी, सुरक्षित प्रसव तथा नवजात शिशुओं की समुचित देखभाल पर विशेष ध्यान दें। सभी अस्पतालों के प्रभारी अपने कार्यक्षेत्र में विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त हितग्राहियों की पहचान कर उनकी सूची तैयार करें। सूचीबद्ध मरीजों को उनकी बीमारी के अनुरूप जांच, उपचार, आवश्यक दवाएं एवं फॉलोअप की सुविधा उपलब्ध कराते हुए शत-प्रतिशत उपचार सुनिश्चित करने के लिए कार्ययोजना तैयार करें।

